तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में मना वीर बाल दिवस



10 साय बोले-सत्ता के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक...



## खबर संक्षेप

### बाइक-स्कूटी में भिड़ंत अनहोनी टली



**बालोद।** बुधवार शाम को शहर के दल्ली चौक के पास बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक बाइक क्रमांक बीई30 क्यू 8624 और सोल्ड लिखी हुई स्कूटी जिसे युवती चला रही थी, में आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद आस पास लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना में किसी को कोई चोट नहीं लगी है।

### वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाना अनिवार्य

**बालोद।** उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार जिले में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट लगाया जाना अनिवार्य है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहन स्वामी द्वारा छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की वेबसाईट पर लॉगिन कर सीधे हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट नम्बर प्लेट आर्डर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण प्लेट नंबर प्लेट 19 मार्च 2025 के पूर्व लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत निर्धारित शुल्क का भुगतान केवल डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

### कनेरी में प्रतिमा अनावरण व लोकार्पण समारोह आज

**गुरूर।** ग्राम कनेरी में विकासकार्यों के लोकार्पण समारोह का आयोजन 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे से किया गया है। इसके अंतर्गत ग्राम कनेरी में भारत माता एवं अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। साथ ही अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया जाएगा। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर कनेरी में वार्षिकोत्सव एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसवेक संजारी बालोद राकेश यादव होंगे, अध्यक्षता पूर्व सदस्य बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली यशवंत जैन करेंगे।

### ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक 29 को

**गुरूर।** ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक 29 दिसंबर को ग्राम पंचायत कोलियामार में 11 बजे रखी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष जोहरलाल साहू, उपाध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें संगठन के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### शासन की नल-जल योजना में लापरवाही या भर्राशाही, ग्राम बुंदेली का मामला

# घर में लगाना था नल, सड़क पार 60 मीटर दूर लगा दिया, पानी लाने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचाया जाना है। लेकिन ग्राम बुंदेली में नल को घर से 60 मीटर की दूरी पर सड़क की दूसरी ओर लगा देने का मामला सामने आया है।


इससे पीड़ित परिवार को सड़क पार कर पानी लाना पड़ रहा है। इससे एक ओर जहां शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती जा रही है, वहीं दूसरी ओर इससे शासन की मंशा अनुसार लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। सड़क पार कर पानी लाने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मामले में ग्राम बुंदेली के ग्रामीणों कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की है।

ज्ञापन में ग्राम बुदेंली निवासी तूमिन कोठवार बेवा गोवर्धन कोठवार ने बताया कि वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ निवास करती है। नल जल योजना के तहत बताया गया है कि हर घर में नल लगाकर पानी दिया जाना है। लेकिन उसके घर के नल कनेक्शन को घर में नहीं लगाकर मुख्य सड़क की दूसरी ओर 60 मीटर दूरी पर लगा दिया गया है। इसलिए पानी भरने के लिए सड़क पार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। इस कारण पानी लाने में परेशानी हो रही है। इसलिए नल जल योजना अंतर्गत नल कनेक्शन घर तक पहुंचाने की मांग की गई है।



#### पानी टंकियों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें आम

बता दें कि इससे पूर्व कई ग्रामों में पानी टंकी की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं, जिन्हें अब तक ठीक भी नहीं किया गया है। ऐसे में शासन-प्रशासन द्वारा टंकियों पर सही काम नहीं करने के बाद अब घरों तक पहुंचने वाली नल पाइप में भी गड़बड़ी की शिकायतों से नल जल योजना की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।



ग्रामीण ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## दुधली मोड़ पर आए दिन होती है दुर्घटना ग्रामीण ने की सुरक्षात्मक उपाय की मांग

**बालोद।** जहां एक ओर जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ग्राम दुधली के एक जागरूक ग्रामीण ने अपने ग्राम के ब्लैक स्पाट की सुधार की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ब्लैक स्पांट के सुधार व सुरक्षात्मक कदम उठाने की मांग की है। ग्राम दुधली निवासी गंगाधर कोठारी ने दुधली बस्ती से सुरेगांव मार्ग लंबाई 19.06 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में किलो मीटर 8.80 पर सड़क हादसा होने की शिकायत करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सड़क में 8.80 किलोमीटर के पास ही मेरा घर है उक्त 8.80 किलोमीटर के पास मोड़ है, जिसके कारण यहां हमेशा सड़क हादसे होते रहते हैं। इस संबंध में पंचायत को सूचित कर कोई उपाय करने का आग्रह किया, लेकिन किसी प्रकार की सुरक्षात्मक कार्यवाही नहीं की गई। इसके कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि उक्त मोड़ पर सुरक्षात्मक कदम उठाया जाए, जिससे सड़क दुर्घटना कम हो सके। बता दे कि जिले में ऐसे कई ब्लैक स्पाट हैं, जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। इन स्थानों पर कमियों को दूर कर व सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इसके लिए जहां ऐसे क्षेत्रों के ग्रामीणों को पहल करनी चाहिए, साथ ही प्रशासन को भी ऐसे स्थानों का चिन्हांकन कर वहां सुधारने व सुरक्षात्मक कदम उठाने की जरूरत है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# मौसम ने बदला मिजाज, ठंड बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मौसम का मिजाज एकदम बदल गया है। अचानक बूंदाबांदी और ठंडी हवा से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

■ जगह-जगह जलने लगे अलाव, लोग गर्म कपड़ों का ले रहे सहारा

गुरुवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ले ली। इससे नगर सहित पूरे क्षेत्र में मौसम में ठंडकता महसूस की गई। सूर्य के सुबह से ही दर्शन नहीं हुए, वहीं ठंडी हवा के कारण लोग ठंड से बचने के लिए शॉल, स्वेटर सहित अन्य गर्म कपड़े पहने नजर आए। इसके साथ ही नगर सहित ग्रामीण इलाकों में चौराहों पर जगह जगह अलाव जलाकर खुद को गरमाते नजर आए। मौसम विभाग ने शुक्रवार को मौसम खुलने व शनिवार व रविवार को फिर से बदली छाने का अनुमान लगाया है। इन दिनों धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी कार्य चरम पर है। धान खरीदी केन्द्रों में चारों तरफ धान रखा हुआ है। क्षेत्र में बूंदाबांदी से धान की बोरियों को सुरक्षित रखने के लिए सुबह से खरीदी केन्द्रों में पॉलीथिन से ढंकने का कार्य प्रारंभ किया गया।

### खंभा झुकने से हो रही परेशानी, सीधा करवाने दिया आवेदन

**बालोद।** खेत में बोर पंप के लिए लाई गई विद्युत लाइन का पोल झुक जाने के कारण एक ओर जहां किसान को परेशानी हो रही है, वहीं दूसरी ओर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए ग्राम जेवरतला के ग्रामीण ने पोल को सीधा कर सुधारने की मांग की है। ग्राम जेवरतला के ग्रामीण ने जमीन में झुके हुए बिजली पोल को सीधा करने की मांग करते हुए आवेदन कनिष्ट यंत्री को सौंपा है। महेत्तर आ. अंजोर सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके खेत में मोटर पंप के लिए कनेक्शन दिया गया है। इसके लिए वायर लाने के लिए लगाए गए पोल में से एक खेत में पूरी तरह से झुक गया है। तार में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही है और पंप चालू बंद करने में परेशानी हो रही है। वहीं, झुके हुए पोल व झूलते हुए तार के कारण खेत में आने जाने में व कृषि कार्यों में परेशानी हो रही है। इसलिए खेत का विद्युत पोल सीधा किया जाए।

## राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा में की जा रही है भारी वाहन चालकों के आंखों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा में भारी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर 23 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। दो दिनों में 135 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान 15 चालक नजर की कमी वाले निकले, 2 मोतिया बिन्द के निकले, जिन्हें जिला अस्पताल में ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई।

■ 23 से शुरू हुआ है नेत्र परीक्षण शिविर, 28 तक रहेगा जारी



शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 30 टोल प्लाजा जगतरा विकासखण्ड गुरूर में भारी वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। भारी वाहन चालकों की दृष्टि जांच के दौरान दूर दृष्टि, नजदीकी नजर, कलर ब्लाइंडनेस, मोतिया बिन्द और अन्य प्रकार की बीमारियों की जांच 23 दिसंबर से शुरू की गई है, जो 28 दिसंबर तक चलेगी। नेत्र परीक्षण कार्य में थाना पुरूर के स्टाफ का भी सहयोग मिल रहा है।

जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में नेत्र परीक्षण का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस कार्य में नेत्र सहायक अधिकारी श्याम सुंदर देवांगन, छत्रपाल साहू, नोहर सिंह चुरेन्द्र, टिकेश्वर साहू, लाकेश्वर नेताम का सहयोग मिल रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में नेत्र परीक्षण का कार्य किया जा रहा है।





## भाठागांव आर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे कलेक्टर, किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के भाठागांव आर में पहुँचकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोदावरी तुरतुरिया से अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर ▶▶| शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## सेजेस में वीर बाल दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिताएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के सेजेस स्कूल में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में चित्रकला, निबंध, भाषण, कविता सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में वैभव बाफना कक्षा आठवीं ने वीर बाल दिवस पर कहानी प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं माध्यमिक चरण में नियति आर्य कक्षा बारहवीं ने कविता में प्रथम स्थान बनाया। निबंध में तेजस साहू कक्षा 12वीं से प्रथम, पोस्टर में देवांश राजपूत कक्षा सातवीं निबंध में लेख शिखा का कक्षा आठवी प्रथम, गीत रामटेक कक्षा छठवीं द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार आधारभूत चरण में चित्रकला में प्रथम स्थान पर नितिन पिस्दा कक्षा पांचवी, द्वितीय स्थान पर सुमित कुमार कक्षा पांचवी रहे।

कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों की सराहना करते हुए संस्था प्राचार्य डी.आर.देवहरे ने गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की वीर गाथा सुनाई। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को बालवीर पुरस्कार विजेता 2024 के वीरता संबंधी वीडियो भी दिखाया गया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### बेलगामी में सीडब्ल्यूसी की बैठक, भूपेश हुए रवाना



रायपुर। बेलगाम, कर्नाटक में 26 दिसंबर को विस्तारित सीडब्ल्यूसी की विशेष बैठक रखी गई है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बैठक में भाग लेने रवाना हो गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली से ही इसमें भाग लेने गुरुवार सुबह रवाना होंगे। यहां होने वाली दो दिवसीय बैठक को 'नव सत्याग्रह' का नाम दिया गया है। 27 दिसंबर को यहां एक विशाल 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' रैली आयोजित होगी।

### गांधी सदन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

रायपुर। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में एएसजी नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से गांधी सदन में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित निगम कार्यालय पहुंचे नागरिकों ने निशुल्क नेत्र परीक्षण कराकर इसका लाभ उठाया। शिविर में नागरिकों की आई स्क्रीनिंग भी की गई।

### गांडा महासभा युवा विभाग का युवा संवाद 29 को



रायपुर। गांडा महासभा युवा विभाग द्वारा युवा संवाद 2024 कार्यक्रम 29 दिसंबर रविवार वृंदावन हॉल सिविल लाइंस रायपुर आयोजित है, जिसमें समाज के युवाओं एवं समाजजनों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद किया जाएगा एवं समाज में युवाओं का योगदान, समाज के विकास के लिए, आदर्श समाज बनाने के लिए, समाज का केंद्रीकरण करने के लिए, युवाओं को समाज से जोड़ने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, युवाओं के कैरियर के लिए गाइडेंस एवं समाज में किस तरह से युवाओं को शामिल करके समाज की दशा और दिशा बदलनी है, इस पर गहन चर्चा की जाएगी। युवा अध्यक्ष बंटी निहाल ने बताया कि युवा ही समाज की दशा और दिशा बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## पेज 9 के शेष

### भाठागांव आर ...

के प्रसुति कक्ष में सुरक्षित प्रसव कराने पर्याप्त मात्र में टेबल एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं तथा मरीजों के लिए समुचित बेड आदि व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दवाइयां आदि की समुचित उपलब्धता एवं मरीजों के बेहतर इलाज हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवाई वितरण कक्ष, प्रसूति कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया।

### सेजेस में वीर ...

उक्त कार्यक्रम के संचालन में मंजू ताम्रकार व्याख्याता, विभा चंद्राकर प्रधान पाठक मिडिल, सुषमा बोरकर ,तरन्नुम बानो, पूजा भेड़िया ,अभिषेक शुक्ला प्रधान पाठक प्राथमिक सालिकराम पटेल, शैलेश बरैया ने अपनी भूमिका निभाई।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में जन्म शताब्दी पर हुए विविध कार्यक्रम

# साय बोले- सत्ता के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों से अटलजी ने कभी समझौता नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में सुशासन की कल्पना को चरितार्थ करने वाले, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके उनकी जन्म शताब्दी और सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा, यह उनका परम सौभाग्य रहा कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में उनके सान्निध्य में सांसद के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, सत्ता की राजनीति के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों के साथ अटल जी ने कभी कोई समझौता नहीं किया।

उन्होंने कहा, 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने तब भी विश्वास मत के प्रस्ताव पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए अनैतिक तरीकों से मिली सत्ता को चिमटे से भी नहीं छूने का संकल्प व्यक्त किया था और उस पर वे अडिग रहे। दूसरे कार्यकाल में एक वोट से उनकी सरकार गिर गई पर उन्होंने सिद्धांत पर चलते हुए राजनीति की। तीसरी बार पूरे देश में सुशासन स्थापित करने वाले अटल ने एक मजबूत सरकार चलाई। उन्होंने इस देश के गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर गांव के विकास की शुरुआत की। किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी उनकी सरकार ने की। पहली बार भारत सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया ताकि देश की आदिवासियों का समुचित विकास हो। भव्य भारत के निर्माण के उनके सपनों को हम साकार करने के लिए हम संकल्पित हों, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




### सुशासन की राह पर चले हम सब साथ हैं : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अटल की सरकार में अपने मंत्री के तौर पर कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत उनके साथ हुई। आज के शुभ अवसर पर हम सब उनको देश में सुशासन स्थापित करने में उनके योगदान के लिए याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार अभी हाल ही दूसरे साल में प्रवेश किया है। हमको मुख्यमंत्री को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि आप सुशासन की राह पर चल रहे हैं और हम सब आपके साथ हैं। अटल के बताए मार्ग पर चलते जाइए, यही सुशासन दिवस का संकल्प है।

**श्रद्धांजलि दी गई :** अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन का परिचय कराती चित्र प्रदर्शनी भी रखी गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कार्यालय परिसर में नवनिर्मित स्मृति मंदिर में स्थापित अटल के साथ ही भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, कुशाभाऊ ठाकरे और विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### अटलजी ने छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का किया सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को राजधानी रायपुर के अवंति विहार चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा, अटल छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। उनका नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा, उनके सपनों को साकार करते हुए ही छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने उनकी जन्मशती के इस विशेष अवसर पर कहा, उनके मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उनकी स्मृति में इस रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत राज्य में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




**अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर नालंदा परिसर में लगी प्रदर्शनी :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा रायपुर के नालंदा परिसर में दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार से लगाई गई है।

# पीएम आवास से दूर हुई बिरझा बाई के परिवार की समस्या, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ ग्राम धनेली निवासी बुजुर्ग ने की योजना की सराहना

रोटी, कपड़ा और मकान प्रारंभ से मनुष्य की सर्वप्रमुख आवश्यकता रही है। लेकिन रोटी और कपड़ा की व्यवस्था के लिए भी मनुष्य के लिए एक सुरक्षित आशियाना का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली के गरीब बुजुर्ग महिला बिरझा बाई का आवास निर्माण हो जाने से उसकी जीवन की सबसे बड़ी चिंता दूर हुई है। इस योजना के तहत निर्मित बेहतरीन आवास में अब बुजुर्ग बिरझा बाई अपनी बहु, पौत्र एवं पौत्रवधु के साथ खुशहाल जीवन यापन कर रही है।

बुजुर्ग बिरझा बाई ने बताया कि वे एक बहुत ही गरीब परिवार की महिला है। उनका परिवार ग्राम धनेली में स्थित कुल 01 एकड़ कृषि भूमि पर खेती-किसानी कर अपना जीवन यापन करता है। बहुत पहले उनका पति का निधन हो गया है। वर्तमान में उनके पुत्रवधु एवं अपने पौत्र कमलेश और उसकी पत्नी दसमत के साथ मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले परिवार के पास सुरक्षित एवं उपयुक्त आवास नहीं होने से मिट्टी के खपरैल वाले मकान में रहने सभी विवश थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत सुरक्षित पक्का आवास निर्माण होने से निश्चिंत होकर उनका परिवार जीवन यापन कर रहा है। पक्के घर के निर्माण होने से अब इस घर में बारिश का पानी के टपकने की समस्या से भी मुक्ति मिली है।

इसके अलावा घर में सांप, बिच्छू, कीड़े-मकोड़े की प्रवेश की समस्या नहीं हो रही है। अब उनके परिवार को सुरक्षित आवास मिल जाने से जीविकोपार्जन के लिए अन्य कार्यों को भी आसानी से कर पा रहे हैं। बिरझा बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना उनके जैसे अनेक गरीब जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित आवास प्रदान कर उन्हें सहारा एवं सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

# धुर्वाटोला ने जीती सहगांव में हुई कबड्डी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ग्राम सहगांव में 25 दिसंबर को एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूषण देवांगन थे।

वहीं, नूतन चुरेंद्र, केवल पिस्दा, लोकेश पिस्दा, भूपेंद्र गांवरे, प्रेम निषाद एवं अन्य अतिथि शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धुर्वाटोला ने प्राप्त किया जिन्हें 7001 रुपए नगद तथा विनर कप प्रदान किया गया। इसी तरह द्वितीय टेकापार को 5001 रूपए व विनर कप, तृतीय रायगढ़ 3001 रूपए व विनर कप तथा चतुर्थ स्थान बघमार को 1501 रुपए व विनर कप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आयोजक युवा स्टार स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# महिलाओं को सभी पुत्रवती होने का आशीर्वाद देते हैं, पुत्रीवती का नहीं



गुण्डरदेही। ग्राम चैनगंज में मानस गान प्रतियोगिता के मंच पर रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉक्टर बुशरा परवीन ने कविता के माध्यम से एक ऐसा कोण को छुआ जिसमें गर्भवती माता को सभी केवल पुत्रवती होने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं, बेटी हो ऐसी शुभकामना कोई नहीं देते बल्कि मां भी बेटा होने की चाहत रखती है।

नीता देवांगन ने बेटियों के संघर्ष की दास्तान कविता के माध्यम से रखते हुए ऊंचाई छू रही बेटियों को सलाम किया। राष्ट्रपति पुरस्कृत सीताराम साहू श्याम ने कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई सभी एक जिस्म एक जान हैं, भारत की नींव केवल प्रेम भाईचारा पर टिके होने की बात कही।

केशव राम साहू ने भेदभाव, ऊंच-नीच, आडंबर, अंधविश्वास पर प्रहार किया। रमेश यादव ने बेटियों पर मार्मिक रचना पढ़ते हुए सृष्टि का अमूल्य वरदान होने की बात कही। माखनलाल साहू ने गंदगी से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए साफ सुथरा दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। जलज ताम्रकार ने मानवीय संवेदनाओं पर अपनी बात गजल गीत के माध्यम से कही। लिलर सिंह सिन्हा ने कविता को एटम बम की संज्ञा देते हुए समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, कुरीतियों से साहित्य के माध्यम से लड़ने की बात कही।

इस अवसर पर राजेंद्र कुमार सिन्हा, कुसुमाकर तिवारी, रवींद्र त्रिपाठी, नीलम दास मानिकपुरी, फहीम कुरेशी, फैज बक्स, मोती ठाकुर, दिनेश टावरी, महेश चांडक, चुन्नीलाल ताम्रकार, पूरनलाल साहू, ओमप्रकाश देवांगन, रामसेवक निषाद, राजपाल धनकर, तिलक धनकर, लीलाधर ठाकुर व ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमित कुमार बने भारत सरकार में सचिव, प्रदेश के तीसरे आईएएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आठ साल से हैं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

छत्तीसगढ़ कैडर के 1993 बैच के आईएएस अमित कुमार अग्रवाल केंद्र में सचिव पद पर पदोन्नत हो गए हैं। अभी वे अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। वे दिसंबर 2016 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। केंद्र सरकार ने आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया है, उसमें अमित कुमार को सीईओ यूनिक आईडेंटिफिकेशन का स्वतंत्र प्रभार के साथ सचिव फार्मास्यूटिकल विभाग दिया गया है। अमित कुमार भारत सरकार में सचिव बनने वाले छत्तीसगढ़ कैडर के तीसरे आईएएस होंगे। उनसे पहले बीएस बासवान और बीवीआर सुब्रमणियम केंद्र में सचिव रह चुके हैं। सुब्रमणियम के बाद केंद्र में सचिव स्तर पर छत्तीसगढ़ से कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। अमित अग्रवाल का नाम छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव बनने के लिए चर्चा में है। अमिताभ जैन के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें मुख्य सचिव बनाने की अटकलें हैं। उनके सचिव पदोन्नत हो जाने के बाद देखना है कि वे छत्तीसगढ़ लौटना चाहेंगे या केंद्र में रहना पसंद करेंगे।

## धूलमुक्त शहर, कुत्तों की दहशत से मुक्ति का वादा, अंडरग्राउंड सीवरेज और टैंकर मुक्त शहर

# ढाई दशक में नेता बदलते गए, वादे वही रहे और समस्या भी वहीं रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

27 दिसंबर को नगरीय निकाय चुनाव के लिए महापौर पद के आरक्षण की लाटरी निकलेगी। इसके साथ ही यह तय होगा कि शहर का अगला मुखिया किस वर्ग से होगा। टिकट के दावेदार शहर विकास को लेकर नए वादों की तैयारी में हैं।

नगर निगम चुनाव से पहले कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपने-अपने घोषणापत्र लेकर जनता के बीच पहुंचेगी। पर ढाई दशक से आम जनता राजनीतिक दलों के पुराने चुनावी घोषणापत्र और उनके कार्यों का लेखाजोखा से हैरान है। जनता से तत्कालीन चुनाव में नेताओं ने धूलमुक्त, मच्छरमुक्त, लाइलाज सीवरेज सिस्टम को भूमिगत करने, कुत्तों के खौफ से मुक्ति दिलाने और शहर को टैंकर मुक्त करने के जो लोकलुभावन वादे किये थे, वे अब तक पूरे नहीं हुए। उनको लग रहा है कि राजनीतिक दल के चुनावी घोषणापत्र लॉलीपाप से ज्यादा कुछ नहीं।




### सुनील का वादा था धूल मुक्त शहर

नगर निगम के पूर्व मेयर सुनील सोनी ने अपने कार्यकाल में शहर को धूलमुक्त और मच्छरमुक्त शहर बनाने का वादा रायपुर शहर की जनता से किया। 5 साल तक मेयर रहे पर न रायपुर धूलमुक्त हुआ और न मच्छरों की भरमार से शहरवासियों को निजात दिला पाए। अलबत्ता करोड़ों रुपए खर्च कर रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी जरूर की गई, पर कुछ महीने बाद मुख्य मार्ग पर धूल फांकने के बाद भारी भरकम मेंटनेंस खर्च के कारण किसी काम की नहीं रही। प्रदेशभर में इस तरह की 3 रोड स्वीपिंग मशीनें सफेद हाथी के रूप में सालों डंप रहीं जो बाद में कबाड़ में तब्दील हो गईं।

### शारदा चौक से तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण

सुगम यातायात के लिए शहर के मुख्य मार्ग तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण को प्रमुख समस्या मानते हुए इसे राजनीतिक दलों ने नगर निगम चुनाव के समय चुनाव घोषणापत्र में जगह दी थी। नेता बदल गये, पर ट्रैफिक जाम की समस्या जस की तस है। दिलचस्प बात ये है, पहले किरणमयी नायक तत्कालीन भाजपा सरकार के सामने इस मुद्दे को उठाती रहीं, उनके बाद प्रमोद दुबे ने वही मुद्दा फिर उठाया। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मेयर दोबारा इसके लिए 42 करोड़ की राशि सड़क चौड़ीकरण और प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि देने के लिए मांगे, पर उनकी पार्टी की सरकार ने सालभर बीतने के बाद रत्तीभर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद महापौर एजाज ढेबर ने कांग्रेस की सरकार के रहते 4 साल बाद यह मुद्दा उठाया। 1 साल पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन किया। इस बीच प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

### कुत्तों के कहर से मुक्ति का अता-पता नहीं डाग शेल्टर अधूरा

पूर्व मेयर किरणमयी नायक ने अपने कार्यकाल में शहरवासियों को कुत्तों के खौफ से राहत दिलाने वादा किया था। निगम की सत्ता में 15 साल तक कांग्रेस के मेयर काबिज होने के बाद भी कुत्तों का कहर कम नहीं हुआ। अलबत्ता महापौर एजाज ढेबर ने निगम के बजट में डाग शेल्टर बनाने का प्रावधान रखा, पर डॉग शेल्टर निर्माण का काम अब तक पूरा नहीं हो पाया है। स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से बीमार व दुघर्टना में घायल कुत्तों के उपचार और डाग सर्जरी की व्यवस्था डॉग शेल्टर में रहेगी। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे भी जनता से अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, टैंकर मुक्त शहर जैसे लोकलुभावन वादे कर शहरी सत्ता पर काबिज हुये। पांच साल में न सीवरेज सिस्टम पर काम हुआ, न टैंकरमुक्त शहर का वादा पूरा कर पाये।

## 1200 से लेकर 1500, 1800 रुपए हर दिन के मिलेंगे

# अब दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे अतिथि वैज्ञानिक, कोई छुट्टी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तक सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक और व्याख्याता काम पर रखे जाते थे, लेकिन अब विश्वविद्यालय में दैनिक वेतन पर अतिथि वैज्ञानिक रखने की तैयारी है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में यह नियम लागू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंदान केंद्रों में खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक रखने के लिए अनुमोदन किया गया है। मानदेय पर अतिथि वैज्ञानिकों से 50 रुपए के स्टांप पेपर पर यह वचन लिया जाएगा कि वे कभी भी नियुक्ति को नियमित स्थायी करने के लिए किसी अधिकारी के पास नहीं जाएंगे और न ही कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी करने के साथ ही यह नियम लागू कर दिया है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्रों में स्वीकृत और रिक्त पदों के विरुद्ध संबंधित विषय के अतिथि वैज्ञानिक दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे। अतिथि वैज्ञानिकों के लिए योग्यता कृषि, कृषि इंजीनियरिंग में, वेटिनरी, में कम से मास्टर डिग्री कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए और अच्छा एकेडिमिक रिकार्ड भी होना चाहिए। इसके साथ ही एनईटी, पीएचडी डिग्रीधारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने लागू किया ये नियम

#### नियमित नौकरी का दावा भी नहीं



#### 26 से 40 हजार रुपए महीना होगा मानेदय

अतिथि वैज्ञानिक को माह में मिलने वाले मानदेय का निर्धारण इस प्रकार किया गया है। पीएचडी और नेट परीक्षा उत्तीर्ण की योग्यता रखने वालों को 1800 रुपए रोज या अधिकमत 40 हजार रुपए मिलेंगे। पीएचडी उर्तीण को के लिए भी यही मानदेय होगा। स्नातकोत्तर(पीजी) के साथ नेट परीक्षा पास करने वालों को 1500 रुपए रोज या अधिकतम 36 हजार रुपए महीना, केवल स्नातकोत्तर(पीजी) वालों को 1200 रुपए रोज या अधिकतम 26 हजार रुपए महीना मिलेगा।

#### पीजी वालों को डेलीवेजेस पर 6 माह के लिए रखेंगे

यदि उच्च योग्यता के अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो विशेष परिस्थिति में संबंधित विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) को प्रतिदिन की दर पर कार्य पर रखा जाएगा, लेकिन ऐसे अभ्यर्थी को केवल 6 माह के लिए काम पर रखा जाएगा। 6 माह बाद फिर से विज्ञापन जारी कर आवश्यक अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को काम पर रखा जाएगा। इन पदों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक नहीं रखे जाएंगे।

#### ये वचन भी देना होगा स्टांप पर

अभ्यर्थी के 50 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथपत्र देना होगा कि वे मानदेय के अतिरिक्त किसी सुविधा या भत्तों की मांग भविष्य में नहीं करेंगे। यह वचन देना होगा कि मुझे एक साल के लिए या पद नियमित रूप से भरने तक के लिए जो भी कम हो पूर्णतः अस्थायी रूप से कार्य पर रखा गया है। मेरा कार्य संतोषप्रद न होने पर मुझे एक सप्ताह के नोटिस पर कार्यमुक्त किया जा सकता है।

# नये साल में रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का बढ़ेगा दायरा, 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नए साल में रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा बढ़ाया जायेगा। इसके लिए 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट चार्ट तैयार किया गया है। यानी ज्यादा से ज्यादा सड़कों पर इसके जरिये धूल कम की जायेगी। अभी तक 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़क की मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सफाई हो रही है। साथ ही रोड स्वीपिंग एजेंसी को 2 साल का अतिरिक्त समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी अब 4 की जगह 6 रोड स्वीपिंग मशीन चिन्हांकित सड़कों को चकाचक करने उतारेगी। दरअसल, शहर की सड़कों पर उड़ने वाली बारीक धूल के कण की सफाई करना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती रही। मेनुवल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाले धूल के बारीक कण की सफाई नहीं हो पा रही थी। आमतौर पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल, तोड़फोड़ और सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कण पीएम-10 के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसे हटाने मेट्रो सिटी की तर्ज पर रायपुर नगर निगम ने मेकेनाइज्ड स्वीपिंग सिस्टम को अपनाया है। इसके तहत ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट एलएपी कंपनी के साथ वर्ष 2021 में 4 साल के लिए अनुबंध किया गया। अनुबंध के अनुसार एजेंसी द्वारा शहर के 86 किलोमीटर दायरे वाली सड़क की मशीन से रात्रिकालीन सफाई कराने 5 रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें से 4 मशीनें अलग-अलग रूट पर रात के समय सड़क की धुलाई और धूल की सफाई के लिए लगाई गई हैं, जबकि 1 मशीन को रिजर्व रखा गया है।

निरीक्षण : ग्राम मटिया से भेड़िया नवागांव तक खेतों में पैदल चलकर लिया जायजा

# खेतों में पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, ग्रीष्म में धान के बदले ली गई फसलों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों के अंतर्गत जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों के पैदावार के लिए प्रोत्साहित करने किसानों से उनके खेतों में पहुँचकर उनसे मुलाकात की। इसके अंतर्गत चन्द्रवाल जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम मटिया में पहुँचकर किसानों द्वारा खेतों में लगाई गई रबी फसलों का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने ग्राम मटिया से भेड़िया नवागांव तक किसानों के खेतों में पैदल चलकर रबी फसलों का मुआयना किया। चन्द्रवाल किसानों द्वारा खेतों में ग्रीष्मकालीन धान के बदले चना, गेहूँ, सरसों, लाखड़ी की फसल को देखकर बहुत ही प्रसन्न हुए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को ग्राम मटिया एवं आसपास के गांवों में चना एवं गेहूं आदि फसलों का क्षेत्र बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने किसानों को



इन फसलों के अधिक से अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करने तथा बिक्री की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को अपने उत्पाद की उचित कीमत मिल सके।

**उत्पाद विक्रय के संबंध में की चर्चा:** कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों को उनके उत्पाद का उचित दाम दिलाने के लिए की जा रही व्यवस्था के अंतर्गत किसान बिचौलियों के माध्यम से अपने उत्पाद की बिक्री न करके कृषक उत्पाद समूह आदि के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर इसके लिए जरूरी आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली। किसानों ने कहा कि इस कार्य के लिए उन्हें सर्वप्रथम फसल पकने के बाद फसलों के उचित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अंतर्गत फसलों को घुन आदि से बचाने के लिए समुचित मात्रा में दवाइयां आदि की आवश्यकता पड़ेगी। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बिक्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिए निर्देश

चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उनके उत्पाद का वाजिब दाम दिलाने के लिए बिक्री की उचित व्यवस्था के साथ–साथ उनके फसलों का समुचित रखरखाव के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को कृषि उत्पादक समूह से चर्चा कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्राम मटिया में किसान बिसाहू राम, दीनदयाल, भूवन लाल, द्रोणाचार्य साहू व अन्य किसानों के खेतों में पहुँचकर वहाँ लगाई गई रबी फसलों का अवलोकन किया। किसान दीनदयाल ने बताया कि पिछले वर्ष उन्होंने रबी सीजन में धान फसल लगाया था। लेकिन इस साल किसान चौपाल में अधिकारियों द्वारा पानी के संरक्षण के उपाय के सुनिश्चित करने हेतु ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लगाने की समझाइश दी गई, जिसके बाद अपने खेतों में चना फसल लगाई है। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित किसानों एवं अधिकारियों से प्रति एकड़ चना फसल की कुल उत्पादन तथा अपने उत्पाद की बिक्री से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी ली।

## खबर संक्षेप



### कन्हारपुरी में मनाया गया राष्ट्रीय किसान दिवस

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के गन्नू राम साहू का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। किसान भेदराम साहू ने बताया कि हमारे ग्राम में आयोजन का चौथा वर्ष है। इस अवसर पर किसान का सम्मान कर खेती कार्य से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय किसान दिवस का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसानों के योगदान को सराहना और उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस दिन किसानों की स्थिति को सुधारने और उनकी भलाई के लिए नए उपायों पर विचार किया जाता है। रामदयाल साहू ने कहा कि किसान दिवस का उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मानित करना और कृषि क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर जागरूकता फैलाना है। राष्ट्रीय किसान दिवस किसानों के हक, उनकी स्थिति और सुधार के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष मदन लाल हिरवानी, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सुख दास साहू, साबू राम साहू, छगन देवांगन, केदार यादव, रामकुमार सिन्हा, रेखराम गंगबेर समेराम यादव सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित थे।

### कबड्डी स्पर्धा के लिए बीएसपी टीम का चयन 27 से

**भिलाई।** छ.ग. कबड्डी संघ द्वारा निकट भविष्य में आयोजित होने वाली छग राज्य अंतर जिला वरिष्ठ (पुरुष एवं महिला) एवं सब-जूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिएभिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग एवं बीएसपी कबड्डी क्लब द्वारा पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 के कबड्डी ग्राउंड में 27 दिसंबर को शाम 4 बजे से चयन स्पर्धा है। चयन स्पर्धा के लिए चयनकर्ताओं सुनिल कुमार गौड विमला चंदेल पुरुषोत्तम रेड्डी तथा विकास कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

# गब्दी संकुल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेल में दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ शासकीय विद्यालय देवगहन में किया गया संकुलस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

संकुल केन्द्र गब्दी का संकुलस्तरीय कार्यक्रम ग्राम देवगहन शाला प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत आयोजित पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रमशिला साहू शामिल हुईं, अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अनिल सोनी, सरपंच बीरम बाई साहू, लोकेन्द्र साहू, भोला राम साहू, लाभूराम निषाद, चिमन सिन्हा सहित संकुल केन्द्र के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमशिला साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए स्कूल स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की मेहनत तभी सार्थक होती है, जब उनके पढ़ाए विद्यार्थी अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और बेहतर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेल को भी आवश्यक बताया। पूर्व विधायक गुण्डरदेही डा दयाराम साहू ने कहा कि स्कूल ऐसा माध्यम होता है जहां बच्चों में शिक्षा के साथ खेल व सांस्कृतिक सहित अन्य कौशलों का विकास होता है।

शक्ति दिवस ...





**बालोद।** ग्राम घुमका में शक्ति दिवस समारोह अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए पारंपरिक गानों पर झूमते नाचते शोभायात्रा निकाली ।

# मुढ़िया में हर्षोल्लास से मनाया गया शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ समाज के लोगों ने निकाली कलशयात्रा

ग्राम मुढ़िया में शक्ति दिवस समारोह अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलशयात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। उसके बाद मां दंतेश्वरी की आरती कर ध्वजारोहण किया गया। शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा हलबी आदिवासी समाज 36 गढ़ केंद्रीय महासभा डॉ. देवेंद्र माहल थे, अध्यक्षता नरोत्तम सिंह रावटे ने की। सरपंच मुढ़िया भावना भूपेश नायक, सदस्य न्याय समिति अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदि. समाज 36 गढ़ केंद्रीय महासभा ईश्वर लाल भुआर्य ने संबोधन में समाज के बारे में अनेक जानकारियां भी दिया गया तथा बिहार मड़वा के बारे में अनेक जानकारी दी। ईश्वर लाल भुआर्य ने साड़ी के बारे में जानकारी दिया और साड़ी का नाम भी रखा गया, जिसमें साड़ी का नाम जोहर साड़ी के नाम से जाने जाएगा। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रात्रि में भुईयां के सिंगार लोक नृत्य नाच पार्टी ग्राम होच्चेटोला की प्रस्तुति हुई।





### आदिवासी हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस



**देवरीबंगला।** आदिवासी हल्बा समाज ने शक्ति दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दतेश्वरी माता की पूजा कर कलश शोभायात्रा निकालकर किया गया। शोभायात्रा में समाज के साथ ग्रामीण भी शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समाज के 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा में मेरिट में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आदिवासी हल्बा समाज के अध्यक्ष हेमनाथ ठाकुर ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों से समाज संगठित रहता है और समाज का काम ही समाज को संगठित रखना। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रचार्य भूनेश्वर सिंह बडेन्द्र व सचिव पारस गोयल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य भगवती ठाकुर, पूर्व सरपंच अशोक परसाई, बली ठाकुर, बनऊ ठाकुर, प्रधान पाठक सेमराय, पंचूराम ठाकुर, नरोत्तम नायक, प्यारे ठाकुर, गायत्री परसाई, लक्ष्मी ठाकुर, खेमीन बाई, पुष्पलता सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा जारी


# रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वे नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम ठेकवाडीह में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा ने भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं ,उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। श्री रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित



किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी। उन्होंने कहा कि शिशुपाल असत्य मार्गी थे है और द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएंगी। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाएं तो ठीक, नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। भागवत कथा में शुक्रवार को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, चढोत्री शोभायात्रा की जाएगी।

### सम्पत्ति से बेदखल करने का आम इस्तेहार

**इस्तेहारदाता** - मोहन राव पिता स्व. पी चिन्नैया, उम्र 60 वर्ष, जाति- तेलगू (केंवट)
**निवासी**- वार्ड नं 14, गौरी नगर, गली नं. 01, रामदादा गली, राजनांदगांव तह. व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

यह कि प्रकाश राव आ. मोहन राव, उम्र 29 वर्ष में एक मात्र पुत्र है, जो कि अविवाहित है। मेरी एक पुत्री अनिता राव, उम्र 29 वर्ष है। पुत्री का विवाह हो गया है तथा वह अपने ससुराल में सुखीपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही है।

यह कि इस्तेहारदाता के नाम पर एक आवासीय पक्का मकान वार्ड नं. 14, गौरी नगर, गली नं. 01, रामदादा गली, राजनांदगांव, तह. व जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित है। चूँकि मेरा पुत्र प्रकाश राव बुरी संगती में फंस गया है तथा मेरे से कोई नाता रिश्ता नहीं रखता है। मैं प्रकाश राव के साथ अब कोई रिश्ता नहीं रखना चाहता हूँ। मेरा प्रकाश राव से कोई संबंध नहीं रहेगा। इसलिए मैं अपने स्वामित्व की उक्त अवासीय मकान को अपनी पत्नी श्रीमती धनलक्ष्मी राव पति मोहन राव के नाम पर नामांतरित करा रहा हूँ। मैं अपने इस मकान में अपने पुत्र प्रकाश राव को कोई हिस्सा नहीं दिया है। मैं उसे अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरी मृत्यु के बाद भी प्रकाश राव किसी प्रकार का हक हिस्सा की मांग नहीं करेगा। यदि करता है तो वह नाजायज व बेबुनियाद माना जायेगा।

अतः आज दिनांक 20.12.2024 को यह बेदखली का आम इस्तेहार लिख दिया कि सनद रहे व वक्त पर काम आवे।

हस्ताक्षर इस्तेहारदाता
(मोहन राव )

# कुसुमकसा में भूमियार देव स्थल का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ जनपद सदस्य संजय बैस ने किया भूमिपूजन

ग्राम कुसुमकसा के टोला पारा में गांव के भूमियार देव का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैस ने किया। इस कार्यक्रम सरपंच शिवराम सिंन्द्रामे समाज प्रमुख मोहन हिड़को जगन्नाथ सिवना जोगी राम गांव के बैगा जन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भूमियार देव पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद ग्राम समिति के प्रमुख जगन्नाथ सिवना ने स्वागत उद्बोधन में जनपद सदस्य का आभार जताया। हमारे गांव के पुरखा देव स्थल का निर्माण कार्य करने के लिये अपनी निधि से राशि स्वीकृति कर इसे सजाने का जिम्मा लिया। सरपंच शिवराम



सिंन्द्रामे ने कहा कि वर्षों से कई जनप्रतिनिधियों से ग्रामीण मांग करते आ रहे थे भूमियार देव स्थल के निर्माण कार्य कराने के लिए, पर आज जनपद सदस्य संजय बैस ने पूरा किया।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संजय बैस ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि देव स्थल भूमियार देव स्थल का निर्माण मेरी जनपद निधि से हो रहा है। ग्रामीन जन की मांग पर आज देव स्थल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ ये हमारे गांव की धरोवर के साथ हमारी गांव की संस्कृति है, जिसे सहेजने और संजोने की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व टोला पारा पर मिटकू मारकम ने इस गांव को बसाया और उन्हीं से गांव की शुरुआत। उनके पुण्य प्रताप से गांव खुशहाल है उनका आशीर्वाद हम सब पर सदा बना रहे। इस अवसर पर जोगी राम रावटे मोहन हिड़को जागेश्वर भोई नारायण यादव किरतून ठाकुर मान सिंग तारम और ग्रामीण उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अछोटी में गुरु घासीदास जयंती 28 को

**अंडा**। ग्राम अछोटी में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 28 दिसंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख करेंगे। शाम 4 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं, ग्राम सुखरी वालों के पंथी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### मंगलतराई में आज प्रस्तावित समस्या निवारण शिविर निरस्त

**बालोद**। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मंगलतराई में 28 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को निरस्त कर दिया गया है।

### भटगांव में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह 29 को

**बालोद/कलंगपुर**। समीपस्थ ग्राम भटगांव में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 29 दिसम्बर को संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। सतनामी समाज के अध्यक्ष चन्द्रभान महिपाल ने बताया कि इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। जैतखाम पर आमंत्रित अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम तवेरा की पंथी पार्टी की प्रस्तुति होगी। साथ ही इसी दिन गांव में मड़ई मेला का भी आयोजन रखा गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में मनोरंजन के लिए छन्नू मन्नू नाचा पार्टी ग्राम निपानी की प्रस्तुति होगी।

### स्वास्थ्य विभाग की समन्वय बैठक आज

**बालोद**। फाईलेरिया उन्मूलन क्रार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन एवं कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में गतिविधि के सफल क्रियान्वयन के लिए 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश से फाईलेरिया मुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### मकान में लगी आग लाखों रुपए कैश जला



**भिलाई** । आग लगने से ग्राम बानबरद में राहुल निषाद के घर में अचानक आग लग गई। घटना में 40 से अधिक मुर्गियां जिंदा जल गए। खबर लगने पर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग की फायर टीम पहुंच गई। आगजनी का अज्ञात है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बानबरद गाव में स्थित राहुल निषाद के घर मे आग लगने सेअग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचना मिली। दल तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर पर लगी आग को बड़ी बड़ी मशक़्क़त से क़ाबू पाया।

## जयंती : धनेली में सुशासन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर, हितग्राहियों का किया सम्मान

# कवि, लेखक, विचारक, विलक्षण गुणों से संपन्न बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अटल बिहारी वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती ग्राम धनेली में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, सहित जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू एवं मीना सत्येंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने अटल चौक धनेली स्थित श्री वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को 'मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पाती' भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित कवि, साहित्यकारों ने श्री वाजपेयी की कविताओं का पाठ किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राष्ट्र निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानों का उल्लेख करते हुए स्व. वाजपेयी को एक महान राजनेता, देशभक्त एवं विलक्षण और बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराकर उन्हें सुशासन प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में पिछले दिनों जिले में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान किया गया। साथ ही जिले के आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं के समय पर निराकरण के लिए व्हाट्सएप्प के माध्यम से अपने मांगों एवं समस्याओं तथा सुझाव प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला प्रशासन की इस नई व्यवस्था के तहत जिले के कोई भी नागरिक व्हाट्सएप्प नंबर पर लिखकर जिला प्रशासन तक अपना सुझाव, शिकायत एवं प्रतिक्रिया दे सकता है। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था के माध्यम से जिले के कोई भी नागरिक कलेक्टोरेट या जिले के कोई भी कार्यालय में पहुँचे बिना कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपना सुझाव, शिकायत एवं प्रतिक्रिया देते हुए जिला प्रशासन से संवाद कर सकता है। जिले में इस व्यवस्था के शुरू होने से आम नागरिकों को अब अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन तथा अन्य किसी भी कार्यालय में आने–जाने की समस्या से भी मुक्ति मिल रही है।

### ग्राम देवरी द पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि



**अंडा**। ग्राम देवरी द पुरानापारा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनाई गई। उक्त अवसर पर श्री वाजपेयी के चित्र एवं अटल स्तंभ पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अर्जुन्दा अध्यक्ष गवीन्द्र साहू, योगेश्वर साहू, इन्द्र कुमार बनपेला, बूथ अध्यक्ष मनहरण साहू बूथ सचिव रुपेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, कुलेश्वर साहू, रुपेन्द्र साहू, गैंदलाल साहू, कुमार दास गंजीर, राजेश निर्मलकर, बीरेन्द्र साहू, संतोष साहू, रोशन साहू, दिलीप साहू, ऐश्वर्य कुमार साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सच्चे राष्ट्रभक्त व लोकप्रिय जननेता थे वाजपेयी

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने स्व. वाजपेयी को महान एवं लोकप्रिय जननेता, सच्चे राष्ट्रभक्त, कवि, साहित्यकार, पत्रकार एवं प्रखर वक्ता बताया। उन्होंने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के लिए हमारे पूर्वजों ने लंबी लड़ाई लड़ी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी ने अपने कार्यकाल के दौरान शुरू किए गए किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मात्र 01 प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के माध्यम से गांव, कस्बों में सड़कों के जाल बिछाने का कार्य जैसे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। समारोह को जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू, मीना सत्येंद्र साहू ने भी कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा किया गया। इसके अलावा आयुष्मान भारत कार्ड से लाभान्वित हितग्राहियों का भी सम्मान किया गया।

### अटल परिसर निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



**गुण्डरदेही**। नगर पंचायत गुण्डरदेही में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत गुण्डरदेही वार्ड 14 कन्हैया विहार कालोनी के पास 20 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर निर्माण का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रानु हेमंत सोनकर, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, प्रमोद जैन, दुष्यन्त कुमार सोनवानी, कोमल सोनकर, अश्वनी यादव, सेवक महिपाल, पार्षद शंकर यादव, संतोष नेताम, विजय सोनकर, हरीश निषाद व एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, सीएमओ गिरीश साहू, इंजिनियर रुपेश राठिया, लेखापाल श्रवण निर्मलकर, छम्मन साहू, उमेश ठाकुर, जोगश्वर यादव, मनीष मिश्रा व अन्य अधिकारी कर्मचारी व स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### मोखा में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न वाजपेयी की जयंती



**गुरूर**। ग्राम मोखा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में समाजसेवी जनार्दन सिन्हा, सरपंच पुष्पेन्द्र कटेन्द्र, उपसरपंच विमल कुमार सिन्हा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, ग्रामीण विकास समिति उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव काशी राम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदय राम ठाकुर, रामचरण नेवेन्द्र तथा अन्य लोग उपस्थित थे।



### हीरापुर में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

**बालोद**। ग्राम पंचायत हीरापुर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। ग्राम में बने अटल चौक पर श्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गांव में रैली निकाली गई और स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता दीदियों द्वारा गांव के विभिन्न स्थानों का साफ सफाई भी की गई। समारोह की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कृतिका सतानंद साहू थीं। साथ ही सरपंच कुलेश्वरी ठाकुर, सचिव तारणि साहू और उपसरपंच हेमराज साहू थे। ग्राम पटेल संतुराम, उमेश साहू, गजेंद्र साहू, खूबलाल साहू, विजय सागर, गजराज साहू, बलदाऊ साहू, गोमती साहू, मंगतीन बाई ने भागीदारी की। पंचायत कार्यकता पूनमचंद साहू ने सुशासन और सामुदायिक विकास को लेकर संवाद किया। वहीं, गांव के विकास में सामूहिक योगदान देने का संकल्प दिलाया।

### तरौद में मनाया गया सुशासन दिवस

**बालोद**। ग्राम तरौद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत तरौद शिवराम ठाकुर, पंच जयप्रकाश यादव, ओमप्रकाश साहू, सचिव ग्राम पंचायत तरौद सीमा सेन, रोजगार सहायक दिलीप साहू, गोपेन्द्र कौशिक, समारु साहू, उमेन्द्र निर्मलकर, सागर विश्वकर्मा, गौतम विश्वकर्मा, धनराज साहू और ग्रामीण उपस्थित थे।





### खपरी में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

**बालोद**। ग्राम पंचायत खपरी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री बालोद राकेश छोटू यादव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका सदानंद साहू, मण्डल अध्यक्ष जुंगेरा अरूण साहू, मण्डल अध्यक्ष करहीभदर धर्मेन्द्र साहू, जनपद सदस्य बालोद पुनम साहू, जनपद सदस्य बालोद हरिशचन्द्र साहू, जनपद सदस्य बालोद सीता साहू, दुर्जन साहू, संजय साहू, उपाध्यक्ष जिला विकास साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ग्राम पांगरी में मनाया गया सुशासन दिवस



**गुण्डरदेही**। नवीन भाजपा मंडल ओटेबंद के अन्तर्गत सिर्री शक्तिकेंद्र के ग्राम पांगरी बुथ क्रमांक 202 में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया गया। अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष गुण्डरदेही श्रीकांत वर्मा, बहूरसिंह खरे, नेमलाल यादव, निलेश देशमुख, पुरुषोत्तम देशलहरा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## किसानों को रबी फसल के लिए मिला ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग नोडल कार्यालय बालोद के सभागार में 25 दिसम्बर को सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत नवगठित सहकारी समितियों के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने बताया कि सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मतस्य सहकारी सहित कुल 10 हजार नवीन सहकारी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के उद्बोधन का लाईव प्रसारण भी किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के ऑनलाईन प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समितियों में संचालित सीएससी एवं माइक्रो एटीएम के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में 03 कृषकों को रूपे डेबिट कार्ड एवं 04 कृषकों को केसीसी कार्ड अंतर्गत रबी सीजन 2024 के लिए 3.86 लाख रूपये का ऋण धनादेश जारी किया गया।

इस अवसर पर नव गठित शक्ति युग आदिवासी मछुवरा सहकारी समिति मर्यादित बोरगहन के अध्यक्ष को उप आयुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को केन्द्र शासन द्वारा संचालित जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना सहित पशुधन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उप आयुक्त सहकारिता एवं उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं आर.पी. राठिया, नोडल अधिकारी सी.आर.रावटे, सहा. नोडल अधिकारी डी.आर.ईस्दा, सहायक मत्स्य अधिकारी भुनेश्वरी उसेंडी, उप संचालक पशु चिकित्सा टी.डी. देवांगन सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या कृषकगण उपस्थित थे।

## बाबा गुरु घासीदास ने दिया समरसता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम अंडा और आलबरस में सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। जैतखाम और गुरुगद्दी की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने अपना जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने समाज को एकता और समरसता का संदेश दिया और हमें अपने जीवन में सच्चाई, न्याय और करुणा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। हमें बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उनके संदेशों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच अमरीका जोशी, घनश्याम बांधे, इन्द्र जीत जोशी, दिनेश जोशी, हेमंत जोशी, यशवंत बंजारे, रमेश जोशी, विक्की जोशी, जितेन्द्र जोशी, कौशल महिलांग सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भंसूली(आर) में गुरू घासीदास जयंती पर हुई पंथी प्रतियोगिता



**जामगांव आर**। भंसूली(आर) में संत बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंथी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में अतिथि उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग अशोक साहू, समाजसेवी सीआर.कौशिक, महामंत्री जिला कांग्रेस रूपेंद्र शुक्ला, सभापति रूपचंद साहू, सरपंच लक्ष्मी चंद्राकर, शिक्षा दूत राजेंद्र मारकंडे, मोती मारकंडे, सुरेन्द्र गायकवाड़, व्याख्याता जीधन ठाकुर ने जैतखाम, गुरुगद्दी की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर बिन्धेलाल कौशिक, सुधांशु कौशिक, रामकुमार चंद्राकर, लोकेश साहू, बिरेंद्र मंडल, हर्ष मनहरे, सुमित डहरे, लक्ष मारकंडे, डेविड चंद्राकर, गजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में मना वीर बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में दसवें सिक्ख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का शहादत दिवस वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चंदना बोस द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें प्रेरित किया गया। उनके बलिदान के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के लिए महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुधा साहू बीए तृतीय वर्ष एवं द्वितीय स्थान पायल साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार भुई ने किया।







